कार्यालय नियंत्रक, नाप–तौल (विधिक मापविज्ञान) मध्यप्रदेश भोपाल
होशंगाबाद रोड, गायत्री मंदिर के पास, भोपाल, पिन – 462011
Tel. 0755-2551017 Fax- 0755-2768638 Email - cwmbho@mp.nic.in

क्रमांक 3892 नातौ/अ–1(1)/2015 भोपाल, दिनांक 22/07/2015

प्रति,

समस्त उप/सहायक नियंत्रक,
समस्त निरीक्षक,
नाप–तौल (विधिक मापविज्ञान)
मध्य प्रदेश

विषय :– प्रत्येक माह कार्यों की समीक्षा के संबंध में।

----- 00 -----

विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 14.07.2015 के माननीय मंत्री जी खाद्य, म.प्र. शासन द्वारा मुख्यालय पर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली जिसमें प्राथमिकता के तौर पर निर्देश दिए गए है कि कार्यालय स्तर पर प्रत्येक सप्ताह में दो दिवस आम लोगों से मिलनें हेतु कार्यालय में उपलब्ध रहे तथा नोटिस बोर्ड पर इस बावत् सूचना प्रदर्शित की जावें एवं प्रत्येक माह समीक्षा बैठकें भी आयोजित की जावे। इसी तारतम्य में आपको निर्देश दिए जाते है कि –

1. आम उपभोक्ता के हितों को ध्यान में रखते हुए तथा व्यापारियों द्वारा उपभोक्ताओं का शोषण रोका जा सकें इस बावत् आप अपने कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह दो दिवस आम लोगों से मिलने हेतु कार्यालय में आवश्यकरूप से उपस्थित रहेगे तथा बैठक की सूचना आम जनों को पूर्व से सूचित कर नोटिस बोर्ड पर सूचना प्रदर्शित करेगें।

2. प्रत्येक माह निरीक्षकों के कार्य की समीक्षा हेतु बैठक :–

   समस्त उप/सहायक नियंत्रक प्रत्येक माह की 6 तारीख तक अनिवार्यरूप से अधिनस्थ निरीक्षकों द्वारा किए गए कार्यो की समीक्षा करेगें।

3. मुख्यालय स्तर पर समीक्षा हेतु बैठक :–

   समस्त उप/सहायक नियंत्रकों की मुख्यालय स्तर पर प्रत्येक माह की 10 तारीख तक संभागवार समीक्षा की जावेगी। अतः समस्त आवश्यक जानकारी सहित आप मुख्यालय में उपस्थित रहेगें। अतः आप अधिनस्थ निरीक्षकों की बैठक प्रत्येक माह अनिवार्यरूप से करें ताकि एकजाई जानकारी के साथ आप मुख्यालय पर उपस्थित हो सकें।

(एस.के. जैन)
नियंत्रक
नाप–तौल (विधिक माप विज्ञान)
म0प्र0 भोपाल